# यूरोप -03

1. **निम्नलिखित में से कौन-से यूरोप के कृषि आधारित उद्योग है?**
   **1. जैम और जैली बनाना**
   **2. शराब उद्योग**
   **3.बेकरी उद्योग**
   **4. चीनी उद्योग**
   **कूट:-**
   (a) केवल 1, 2 और 3
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2, 3 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

2. **यूरोप में पशुपालन के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
   **1. इसके कुल क्षेत्रफल के पाँचवें भाग पर चारागाह हैं।**
   **2.यहाँ पशुपालन केवल माँस के लिए किया जाता है।**
   **3.डेनमार्क अपने डेयरी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

3. **यूरोप में खनिज संसाधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**
   (a) ब्रिटेन में कोयला नहीं पाया जाता है।
   (b) यहाँ उत्तर-पूर्वी फ्रांस से लेकर पोलैंड तक कोयले के निक्षेप पाए जाते है।
   (c) अज़रबैजान और रूस (यूरोप महाद्वीप वाला भाग) में पेट्रोलियम के स्त्रोत हैं।
   (d) फ्रांस में लौह अयस्क पाया जाता है।

- फ्रांस, यूक्रेन, अज़रबैजान, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी एवं रूस में लौह अयस्क पाया जाता है।

4. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. डेनमार्क का औद्योगिक विकास कृषि उत्पादों के आधार पर हुआ है।**
   **2. ऑस्ट्रिया और स्विट्ज़रलैंड का औद्योगिक विकास छोटी-छोटी बहुमूल्य वस्तुओं के निर्माण के द्वारा हुआ।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

5. **मत्स्य उत्पादन के प्रसिद्ध क्षेत्र डॉगर बैंक तथा ग्रेट फिशर निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?**
   (a) उत्तरी सागर
   (b) भूमध्य सागर
   (c) कैस्पियन सागर
   (d) काला सागर

6. **यूरोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. 'प्रायद्वीपों का प्रायद्वीप' कहा जाने वाला यूरोप महाद्वीप क्षेत्रफल की दृष्टि से छठा सबसे बड़ा महाद्वीप है।**
   **2. राइन नदी मार्ग यूरोप का सबसे अधिक व्यस्त अंत:स्थलीय जलमार्ग है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

7. **यूनाइटेड किंगडम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. यह निम्न उच्चावच वाला देश है।**
   **2. इसकी पहाड़ियाँ नीची है।**
   **3. इसकी तटरेखा बहुत दंतुरित है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3
   (d) 1, 2 और 3

8. **यूनाइटेड किंगडम की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1. यहाँ की जलवायु शीतोष्ण तथा समतापीय है।**
   **2. यहाँ वर्षा केवल शीत ऋतु में होती है।**
   **3. यहाँ प्रतिदिन औसतन दो घंटे के लिए ही धूप निकलती है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**9. मत्स्य उत्पादन की प्रसिद्ध क्षेत्र डाँगर बैंक निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?**
(a) फ्रांस
(b) जर्मनी
(c) यूनाइटेड किंगडम
(d) आयरिश गणराज्य

**10. मत्स्य उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. ट्रालर: सागरों की तली में मछलियाँ पकड़ने में सहायक।**
**2.ड्रिफ्टर: सागरों की ऊपरी सतह से मछलियाँ पकड़ने में सहायक।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**11. लंदन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह यूनाइटेड किंगडम की राजधानी है।**
**2. यह विदेशी वस्तुओं के पुनर्निर्यात के लिए प्रसिद्ध है।**
**3. यह टेम्स नदी के किनारे स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**12. फ्रांस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह यूरोप का सबसे बड़ा देश है।**
**2. यह तीन ओर से सागर से घिरा हुआ है।**
**3. फ्रांस का शैपेन क्षेत्र शैपेन शराब के उत्पादन के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।**
**4. इसकी राजधानी पेरिस है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची-I (पर्वत) | | सूची-II(फ्रांस से सीमा) |
|---|---|---|---|
| A | पिरेनीज पर्वत | 1 | फ्रांस को स्पेन से अलग करता है। |
| B | आल्प्स | 2 | फ्रांस को इटली से अलग करता है। |
| C | जूरा | 3 | फ्रांस को स्विट्ज़रलैण्ड से अलग करता है। |
| D | वॉसजेस | 4 | फ्रांस को जर्मनी से अलग करता है। |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-3,**B**-1,**C**-4,**D**-2
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

**14. आल्प्स की सबसे ऊँची चोटी का नाम क्या है?**
(a) माउंट ब्लांक
(b) बेन नेविस
(c) राकापोशी
(d) इनमें से कोई नहीं

**15. फ्रांस के उच्चावच और जलवायु के सदंर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसकी आधी से अधिक भूमि यूरोप के विशाल मैदान का एक भाग है।**
**2. यहाँ के उत्तरी और पश्चिमी भागों में महासागरीय जलवायु पाई जाती है।**
**3. इसके उत्तर-पूर्वी भागों और मध्यवर्ती पठारों पर भूमध्यसागरीय जलवायु पाई जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**16. फ्रांस के संसाधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. यहाँ कोयला देश के उत्तरी भाग में पाया जाता है, जो वास्तव मे बेल्जियम के कोयला क्षेत्रों का विस्तार है।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2. लौह एकमात्र ऐसा खनिज है, जो फ्रांस में भारी मात्रा में पाया जाता है।**
**3. लॉरेन क्षेत्र अयस्क के लिए महत्त्वपूर्ण है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**17. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –**

| उद्योग/कृषि | | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. रेशम वस्त्र उद्योग | - | रोन घाटी |
| 2. सूती वस्त्र उद्योग | - | वॉसजेस |
| 3. गेहूँ उत्पादन | - | पेरिस बेसिन के उत्तरी मैदान |
| 4.अंगूर की खेती | - | दक्षिणी फ्रांस |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सुमेलित हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

**18. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से होकर बहती है?**
(a) राइन
(b) डेन्यूब
(c) स्प्री
(d) सीन

**19. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –**
**1. राइन** **2. वेसर**
**3. एल्बे** **4. ओडर**
**5. डेन्यूब**
**जर्मनी की उपर्युक्त नदियों में से कौन-सी नदियाँ उत्तर की ओर प्रवाहित होती है?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**20. जर्मनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नही है?**
(a) रूर, राइन की सहायक नदी है।
(b) लौह-अयस्क मुख्यत: नुरेनबर्ग के पूर्व में, हनोवर से दक्षिण पूर्व की और रूर के दक्षिण क्षेत्रों में मिलता है।
(c) सैक्सोनी प्रदेश में उन्नत तकनीक पर आधारित उपकरण तथा यंत्र बनाए जाते हैं।
(d) डेन्यूब नदी के तट पर बसा बॉन जर्मन संघीय गणराज्य की राजधानी है।

**21. जर्मनी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. जर्मनी का 'पिग-आयरन' पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।**
**2. रूर क्षेत्र कोयला उत्पादन क्षेत्र है।**
**3. सार तथा सैक्सोनी प्रमुख लौह-अयस्क क्षेत्र हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**22. सोवियत संघ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनो विचार कीजिए –**
**1. इसके विघटन के परिणामस्वरूप 15 स्वतंत्र देशों का जन्म हुआ।**
**2. इसके विघटन कपर स्वतंत्र हुए सभी राज्यों (देशों) द्वारा एक राष्ट्रकुल बनाया गया।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**23. रूस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. क्षेत्रफल के आधार पर यह विश्व का सबसे बड़ा देश है।**
**2. इस देश का विस्तार यूरोप और एशिया दोनों महाद्वीपों में है।**
**3. देशांतरीय विस्तार अधिक होने के कारण यहाँ 11 समय क्षेत्र (Time Zone) हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**24. रूस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. ओब और येनीसी नदियाँ कैस्पियन सागर में गिरती हैं।**
**2. वोल्गा नदी उत्तरी ध्रुव महासागर में गिरती है।**
**3. कमचटका महाद्वीप भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट का क्षेत्र है।**
**4. एल्ब्रुस शिखर रूस का सबसे ऊँचा शिखर है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 1 और 2

**25. रूस में कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. रूस में कुल क्षेत्रफल के थोड़े से ही भाग में खेती होती है लेकिन फिर भी यह क्षेत्रफल संसार के किसी अन्य देश को कृषि भूमि तुलना में काफी बड़ा है।**
**2. यहाँ वर्धनकाल बहुत बड़ा होता है।**
**3. यहाँ वर्ष में केवल एक ही फसल उगाई जा सकती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

**26. रूस की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. शीत ऋतु की कठोरता पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ती जाती है।**
**2. यहाँ शीत ऋतु में देश के सभी भागों में हिम आवरण होता है।**
**3. यहाँ सबसे अधिक वर्षा कॉकेशन पर्वतों पर होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1, 2 और 3

**27. रूस में कृषि और पशुपालन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. गेहूँ की खेती स्टेपी प्रदेश की उपजाऊ मिट्टी में की जाती है।**
**2. साइबेरिया के सभी क्षेत्र खेती के अयोग्य हैं।**
**3. रूस के यूरोपीय भाग में दुग्ध व्यवसाय का अच्छा विकास हुआ है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा/से रूस में लौह-अयस्क का/के स्त्रोत है/हैं?**
**1. यूराल क्षेत्र 2. कर्च प्रायद्वीप**
**3. साइबेरिया**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**29. निम्नलिखित में से कौन-से रूस में कोयले के स्त्रोत हैं?**
**1. यूराल क्षेत्र 2. पूर्वी साइबेरिया**
**3. कुजनेटस्क बेसिन 4. मॉस्को उपबेसिन**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**30. निम्नलिखित में से कौन-से रूस में पेट्रोलियम के स्त्रोत है?**
**1. यूराल और वोल्गा के मध्य ऐजोव-काला सागर क्षेत्र**
**2. बाशकिरिया**
**3. पश्चिमी साइबेरिया**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**31. रूस के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –**

**1. विश्व का सबसे लंबा रेलमार्ग – ट्रांस-साइबेरियन रेलमार्ग**
**2. पाँच सागरों का पत्तन – सेंट पीटर्सबर्ग**
**3. वर्ष भर हिम युक्त रहने वाला पत्तन – मुर्मास्क**
**4. देश की राजधानी – मॉस्को**

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित नहीं है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3 और 4



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213